डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बांदा
की
दिनांक 07.07.2009 को सम्पन्न हुई प्रथम प्रशासकीय परिषद की बैठक का कार्यवृत्त।

डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बांदा की प्रथम बैठक दिनांक 07.07.2009 को मा0 श्री सदल प्रसाद जी मंत्री, व्यावसायिक एवं प्राविधिक शिक्षा, उ. प्र. सरकार/अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

1. मा. श्री सदल प्रसाद जी .... अध्यक्ष
   व्यावसायिक एवं प्रा.शि.
   राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार)
   उ. प्र. सरकार, लखनऊ।

2. सुश्री वृन्दा सरूप .... उपाध्यक्ष
   प्रमुख सचिव
   व्यावसायिक एवं प्रा.शि.
   उ. प्र. शासन, लखनऊ।

3. प्रो. प्रेमव्रत .... सदस्य
   कुलपति
   उ. प्र. प्रा. वि. वि.,
   लखनऊ।

4. श्री विमल प्रकाश .... सदस्य
   विशेष सचिव
   वित्त विभाग
   उ. प्र. शासन,
   लखनऊ।

5. श्री एस. एस. राम .... सदस्य
   निदेशक प्रा. शि.
   कानपुर।

6. श्री एस. आर. विद्यार्थी
का0 निदेशक
एच.बी.टी.आई.
कानपुर। .... सदस्य

7. इं. प्रमोद कुमार
निदेशक
जी.सी.टी.आई.,
कानपुर। .... सदस्य

8. प्रो. जे. पी. सैनी
ई. एण्ड सी. विभाग
बी.आई.ई.टी., झाँसी। .... सदस्य

9. प्रो0 हरविन्दर सिंह
निदेशक
बी.आई.ई.टी., झाँसी। .... सदस्य सचिव

1.01 **डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बांदा हेतु बनाये गये सोसायटी / मेमोरेन्डम ऑफ एसोसिएशन, उपनियमों (बाय–लॉज) के पंजीकरण से परिषद को अवगत कराना।**

डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बॉदा के सोसायटी पंजीकरण से परिषद अवगत हुई।

1.02 **चालू सत्र 2009–10 से शैक्षिक पाठ्यक्रम संचालित किये जाने हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव से परिषद को अवगत कराना।**

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली को स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव से परिषद अवगत हुई तथा निर्देशित किया कि ए.आई. सी.टी.ई. से स्वीकृति प्राप्ति हेतु संस्थान प्रयासरत रहे।

1.03 **डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बांदा की स्थापना हेतु पुर्नग्रहीत की गयी भूमि से परिषद को अवगत कराना।**

डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बॉदा हेतु जिलाधिकारी, बॉदा द्वारा अधिग्रहीत करायी गयी कुल भूमि 4.108 हेक्टेयर से परिषद अवगत हुई।

1.04 **डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, बॉदा के शैक्षणिक किया–कलापों को बी.आई.ई.टी., झॉसी द्वारा संचालित किए जाने से परिषद को अवगत कराना।**

नव स्थापित डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, कालेज के बॉदा मे स्थापित होने तक उक्त कालेज के समस्त किया–कलापों को निदेशक, बी.आई.ई.टी., झॉसी के निर्देशन में शासन के अग्रिम निर्देशों तक बी.आई.ई.टी., झॉसी में सम्पादित किये जाने से परिषद अवगत हुई।

1.05 **कालेज के पठन–पाठन के कार्यकमों का संचालन अतिथि व्याख्याता/स्टाफ रखकर संचालित किये जाने पर विचार एवं स्वीकृति।**

परिषद द्वारा कालेज में प्रवेशित होने वाले कुल 180 छात्रों के शिक्षण कार्य हेतु टीचिंग लोड के अनुसार शासनादेश संख्या–2817/सोलह–1–2008 /14/33/2008 दिनांक 03.09.2008 द्वारा निर्धारित मानदेय पर अतिथि व्याख्याताओं को रखे जाने हेतु निदेशक को अधिकार प्रदान किया। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि ए.आई.सी.टी.ई. के मानक 1:15 के अनुसार कुल 12 शैक्षिक पदों के सृजन का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाये।

परिषद द्वारा कार्य की आवश्यकता को देखते हुए निम्न कर्मचारियों को संविदा के आधार पर नियुक्त किये जाने पर भी अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

लिपिक	.....	02
मैकेनिक ग्रेड(ए) / लैब टेक्नीशियन	.....	03
चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	.....	04

1.06 **शासकीय संस्थाओं मे प्रभावी फीस संरचना को ही कालेज में शैक्षिक सत्र 2009–10 से प्रवेशित होने वाले छात्रों से लिये जाने पर विचार एवं स्वीकृति।**

शासन द्वारा शासकीय अभियंत्रण संस्थाओं में प्रभावी शुल्क संरचना को लागू किए जाने हेतु परिषद ने अपनी स्वीकृति प्रदान की।

1.07 **कालेज के प्रतीक चिन्ह / वाक्य को बनाये जाने हेतु निदेशक को अधिकृत किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा निर्देशित किया कि कालेज के नियमित निदेशक द्वारा ही कालेज का प्रतीक चिन्ह एवं प्रतीक वाक्य बनाया जायेगा।

1.08 **कालेज की पूर्ण स्थापना होने तक बी0आई0ई0टी0, झाँसी परिसर में स्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया में खाता खोलने तथा उसके संचालन पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा बी.आई.ई.टी. झाँसी में स्थित "सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया," में कालेज का खाता खोलने तथा उक्त खाते का संचालन निदेशक एवं वित्त एवं लेखाधिकारी बी.आई.ई.टी., झाँसी के संयुक्त हस्ताक्षरों से संचालित किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(हरविन्दर सिंह) निदेशक एवं सदस्य सचिव	(वृन्दा सरूप) प्रमुख सचिव व्यावसायिक एवं प्रा. शि उ. प्र. शासन, लखनऊ एवं उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद	(सदल प्रसाद) 7/7/09 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक एवं प्रा. शि. उ. प्र. सरकार, लखनऊ एवं अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद